ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 09-09-2022

नैनीताल(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-09-09 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2022-09-10	2022-09-11	2022-09-12	2022-09-13	2022-09-14
वर्षा (मिमी)	15.0	20.0	15.0	15.0	35.0
अधिकतम तापमान(से.)	21.0	21.0	20.0	21.0	20.0
न्यूनतम तापमान(से.)	14.0	13.0	13.0	14.0	15.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	90	95	90	90	95
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	65	65	70	70	70
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6.0	6.0	6.0	6.0	6.0
पवन दिशा (डिग्री)	130	130	130	140	130
क्लाउड कवर (ओक्टा)	2	3	2	2	7

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में, हल्की से मध्यम वर्षा होने की सम्भावना है। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 20.0 से 21.0 व 13.0 से 15.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0 किमी/ घंटे की गति से पूर्व-दक्षिण-पूर्व व दक्षिण-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। चेतावनीः आगामी पांच दिनों में, कहीं-कहीं भारी वर्षा होने की संभावना है। ईआरएफएस के अनुसार, 14 से 20 सितम्बर के दौरान राज्य में वर्षा सामान्य से अधिक तथा अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं।

सामान्य सलाहकार:

किसान भाई खेत में जल निकास की उचित व्यवस्था बनायें रखें तथा रसायनों का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें। पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉ इड उपयोगकर्ताओं) ओं और ऐप सेंटसें र (आईओएस उपयोगकर्ताओं) ओं से डाउनलोड किया जा सकता है| भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई व एसपीआई मानचित्रों ने संकेत दिया कि नैनीताल जिले के लिए एनडीवीआई 0.1-0.45 के बीच है, यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम से अच्छी है तथा एसपीआई मानचित्र पिछले 4 हफ्तों (11 अगस्त से 7 सितम्बर के दौरान) से जिले में हल्की नमी की स्थिति दर्शाता है |

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में, हल्की से मध्यम वर्षा होने की सम्भावना है। चेतावनीः आगामी पांच दिनों में, कहीं-कहीं भारी वर्षा होने की संभावना है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
चावल	वर्तमान मौसम की स्थिति में, धान के खेत में ब्राउन प्लांट हॉपर (बीपीएच) की निरंतर निगरानी करते रहें। किसानों को सलाह दी जाती है कि वे फसल के बीच में प्रवेश करें और पौधे के मूल भाग पर मच्छर जैसे कीट देखें तथा फुदका कीट नियंत्रण के लिए लाइट ट्रैप, फेरोमोन ट्रैप व येलो कार्ड खेत में स्थापित करें। मेड़ों को मजबूतबू करें और पानी की उचित व्यवस्था बनाये रखें। धान की फसल में रूट नॉट निमाटोड (जड़ गॉठ कृमि) देखा जा रहा है। इसके उपाय हेतु जड़ो को 1 मिली वेलम/ लीटर की दर से ड्रैंचिंग करें। इसका प्रयोग साल में केवल एक बार ही करे| रूट नॉट निमाटोड (जड़ गॉठ कृमि) से फसल के बचाव हेतु इस रसायन का प्रयोग प्लांटिंग से पहले करना ज्यादा असरदार होता है। रसायनों का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।
सोयाबीन	सोयाबीन फसल की निगरानी करते रहे व जल निकास की व्यवस्था बनायें रखें।
गाजर	भावर व घाटी क्षेत्र में, गाजर की बुवाई इस माह कर सकते है। बुवाई मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
पालक	भावर व घाटी क्षेत्र में, पालक की बुवाई इस माह मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।
ब्रोकोली	किसान भाई भावर क्षेत्रों में, बंद गोभी, गाँठ गोभी व ब्रोकली की बुवाई कर सकते है।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	मादा बछियो का मॉ से दूध छः महीने के बाद ही छुड़वाना चाहिए, ताकि उनका शारीरिक विकास अच्छे तरीके से हो सके।